डी0पी0बी0एस0 (पी0जी0) कॉलिज
अनूपशहर–202390 (बुलन्दशहर) उत्तर प्रदेश
(सम्बद्ध : चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।)

दिनांक 01 / 10 / 2020

प्रेस विज्ञप्ति

संस्कृत प्रतियोगिताओं में आकर्षक पुरुस्कार पाने का अवसर

उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान द्वारा नई पीढ़ी को संस्कृत के माध्यम से भारतीय संस्कृति से जोड़ने के लिए 12 तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर दिनांक 31 अक्टूबर को किया जा रहा है। महर्षि वाल्मीकि जयंती समारोह 2020- 21 के अंतर्गत होने वाली इन प्रतियोगिताओं में 3 वर्ष की आयु से लेकर स्नातक और शोध कक्षाओं के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। ये सभी प्रतियोगिताएं ऑनलाइन माध्यम से आयोजित की जा रही हैं। अमरकोश कंठस्थीकरण प्रतियोगिता के प्रांतीय संयोजक बनाये गए दुर्गा प्रसाद बलजीत सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय अनूपशहर के संस्कृत विभागाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह ने बताया की इन प्रतियोगिताओं में प्रतिभागी अपना रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन माध्यम से निम्न लिंक
https://forms.gle/mTY8rhTPRUQQNMfk7

का प्रयोग करते हुए दिनांक 15 अक्टूबर तक करा सकते हैं। दिनांक 15 से 20 अक्टूबर तक प्रतिभागी अपने फॉर्म में अशुद्धियों का संशोधन भी कर सकते हैं। प्रतिभागी प्रतियोगिता से जुड़ी किसी भी जानकारी के लिए उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान की वेबसाइट http://upsanskritsansthanam.in/sanskrit पर विजिट कर सकते हैं। सभी प्रतियोगिताएं प्रतिभागियों को तीन प्रकार से अपनी अभिव्यक्ति को अभिव्यक्त करने का अवसर प्रदान करती हैं। जिनका विवरण निम्न प्रकार से है - (1) कुछ प्रतियोगिताओं में प्रतिभागी अपने वीडियो बनाकर उनको सोशल मीडिया पर अपलोड करके ज्यादा से ज्यादा लाइक प्राप्त करके निर्देशानुसार सबमिट कर सकते हैं। (2) जो प्रतियोगिताएं ईमेल के माध्यम से आयोजित की जाएगी उनमें प्रतिभागियों को अपनी प्रविष्टि निम्नलिखित upsanskritsansthanam@yahoo.com ईमेल पर भेजनी होगी। (3) सभी कंठस्थीकरण प्रतियोगिताओं का आयोजन जूम एप के माध्यम से लाइव किया जाएगा। इन प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को 11000 हजार रुपये, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को 7000 हजार रुपये,एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले

प्रतिभागियों को 5000 व प्रमाणपत्र भी प्रदान किया जाएगा ।सभी प्रतियोगिताओं में एक-एक हजार रुपये के चार-चार सांत्वना पुरस्कार भी दिए जाएंगे । सभी प्रतिभागियों को प्रतियोगिताओं में सहभाग हेतु सहभागिता प्रमाण पत्र भी प्रदान किये जायेंगे । जिन प्रतियोगिताओं में वीडियो अपलोड की जानी है उन प्रतियोगिताओं के प्रतिभागी अपना वीडियो रिकॉर्ड करके सोशल मीडिया पर अपलोड करते समय #वाल्मीकि जयंती समारोह और जिस प्रतियोगिता में वे प्रतिभाग कर रहे हैं उस प्रतियोगिता के नाम को भी # के साथ प्रयोग करते हुए अपलोड करेंगे । तथा उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान को टैग अवश्य करेंगे ।

क्रं. सं0	प्रतियोगिता का नाम	कक्षा/आयु	स्थानम् उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान के निर्देशानुसार
1	अंगस्पर्शपूर्वक संस्कृत नामोच्चारण एवं संस्कृत संख्याज्ञान प्रतियोगिता।	03 से 05 वर्ष	ई /वर्चुअल माध्यम से
2	संस्कृत श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता।	कक्षा-1 से 2	ई /वर्चुअल माध्यम से
3	संस्कृत स्तोत्रगान प्रतियोगिता।	कक्षा-3, 4 व 5	ई /वर्चुअल माध्यम से
4	संस्कृत गीत प्रतियोगिता।	कक्षा-6,7 व 8	ई /वर्चुअल माध्यम से
5	संस्कृत कथाकथन प्रतियोगिता। (अभिनय के साथ)	कक्षा-9 से 12	ई /वर्चुअल माध्यम से
6	हास्यरस आधारित संस्कृत कथालेखन प्रतियोगिता ।	स्नातक/स्नातकोत्तर	ईमेल के माध्यम से
7	अष्टाध्यायी कण्ठस्थीकरण प्रतियोगिता	कक्षा-9 से 10	ज़ूम एप के माध्यम से।
8	तर्कसंग्रह सपदकृत्य कण्ठस्थीकरण प्रतियोगिता	कक्षा-9 से 10	ज़ूम एप के माध्यम से।
9	लघुसिद्धान्तकौमुदी कण्ठस्थीकरण प्रतियोगिता	कक्षा-11 एवं 12	ज़ूम एप के माध्यम से।
10	अमरकोष कण्ठस्थीकरण प्रतियोगिता	कक्षा-11 एवं 12	ज़ूम एप के माध्यम से।
11	बाल कविता रचना प्रतियोगिता	स्नातक/स्नातकोत्तर /शोधार्थी	ईमेल के माध्यम से।
12	श्लोक समस्यापूर्ति प्रतियोगिता	स्नातक/स्नातकोत्तर /शोधार्थी	उ0प्र0 संस्कृत संस्थान के निर्देशानुसार

प्राचार्य

Principal
D.P.B.S. (P.G.) College
Anoopshahr (BSR) U.P.-203390